हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
03 मार्च 2025, समय 1810

- हरियाणा सहित आज देश भर में वन्यजीव दिवस मनाया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है।
- हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने भी लोगों से वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण करने का आह्वान किया।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि डेयरी क्षेत्र देश ही नहीं ग्रामीण और छोटे किसानों की समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के सांसदो, केंद्रीय मंत्रियों, हरियाणा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

*************************************************************************

हरियाणा सहित आज देश भर में वन्यजीव दिवस मनाया गया। राज्य और केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई नीतियों, विधायी उपायों और पहलों की व्यापक रूपरेखा बनाई है। हरियाणा के वन एवं वन्य जीवन विभाग वन्य जीवन संरक्षण के लिए कई अनूठी पहल कर रहा है। शिवालिक पर्वत श्रृंखला में पड़ने वाले पिंजौर में गिद्ध प्रजनन एवं संरक्षण केंद्र खोला गया है, जिसमें विलुप्त हो रही इस गिद्ध प्रजाति को संरक्षित किया गया है । इसी प्रकार अरावली पर्वत श्रृंखला में जंगल सफारी परियोजना की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही शुभारंभ हो जाएगा। इसमें कौन से वन्य प्राणी को किस श्रेणी में रखा जाए, इस पर कार्य किया जा रहा है।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।श्री मोदी आज विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस पर गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की

अध्यक्षता करने के बाद संबोधित कर रहे थे।उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षक और संरक्षण में भारत के योगदान पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा -

*इंडिया इज ए कंट्री वेयर प्रोटेक्टिंग नेचर इज ए पार्ट ऑफ कल्चर, दिस इज वाई, इट हैज मेनी यूनिक एचीवमेंट्स इन वाइल्ड लाइफ कंर्जवेशन। वाइल्ड लाइफ का संरक्षण किसी एक देश का नहीं बल्कि एक यूनिवर्शल इशू है। इसके लिए इंटरनेशनल एलांइस समय की जरूरत है।*

प्रधानमंत्री ने आज सासन गिर में वर्चुअल माध्यम से जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी और 16वीं एशियाई शेरों की जनगणना 2025 का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कोयंबटूर में मानव वन्य जीव संघर्ष प्रबंधन केंद्र का भी उद्घाटन किया।

*********************************************************************

हरियाणा के वन एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज विश्व वन्यजीव दिवस पर लोगों से वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण करने का आहवान किया।श्री राव नरबीर सिंह आज रेवाड़ी जिले के गाँव झाबुआ स्थित मोर और चिंकारा प्रजनन केंद्र में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

वन मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार वन्य जीवन सरंक्षण के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। वन्य जीव की आबादी को बढ़ाने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ बातचीत की गई है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र व कुछ नए स्टार्टअप ने भी सरकार को सहयोग देने में रुचि दिखाई है।

**********************************************************************

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि डेयरी क्षेत्र न केवल देश के विकास में योगदान करता है, बल्कि यह क्षेत्र ग्रामीण विकास और छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। श्री शाह नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर कार्यशाला के उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने कहा कि यह क्षेत्र विभिन्न वर्गों को सशक्त कर रहा है।

श्री शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र से 62 प्रतिशत महिलाओं के जुड़े होने के कारण डेयरी क्षेत्र महिला सशक्तिकरण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।उन्होंने देश के 80 प्रतिशत जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन में पिछले दस वर्षों में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में हरियाणा के सांसदो, केंद्रीय मंत्रियों और हरियाणा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। पहले सत्र में पूर्व बजट चर्चा में लोक सभा, राज्य सभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री को मौजूद रहे। इसके बाद विधायक एवं हरियाणा के मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की गई। इस अवसर पर हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने
बताया ---

उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस परिपाटी को शुरू किया था। सभी वर्गों से बातचीत करके बजट को बढ़िया बनाने में मदद मिलती है।

*************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की अंग्रेजी की परीक्षा पुख्ता प्रबंधों के बीच कड़े पुलिस पहरे में सम्पन्न हुई।उल्लेखनीय है कि पहले परीक्षा आउट होने पर मुख्यमंत्री ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाई की है।भिवानी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य अधीक्षक डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो परीक्षा केंद्र बने हुए हैं। नकल रोकने को लेकर किए गए प्रबंधों पर उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जा रही है। अगर कोई भी गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

*************************************************************************

हरियाणा में आज विश्व श्रवण दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिवस का इस वर्ष का थीम 'मानसिकता बदलें-स्वयं को सशक्त बनाएं, है। जींद के नागरिक अस्पताल में भी विश्व श्रवण दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को श्रवण क्षमता से जुड़े रोगों के बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया।